समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | **Tuesday, 22 September 2026**

# प्रविण रामराव गीते की सफलता की कहानी : कैसे Snackholic बना एक सपना और संघर्ष का स्वाद

Publisher

Published on 16 Jul 2025

### स्विट्ज़रलैडं से स्नैक इंडस्ट्री तक, एक युवा उद्यमी की प्रेरणादायक उड़ान

**Snackholic** ब्रांड और **P & P फूड प्रोडक्ट्स** के संस्थापक **प्रविण रामराव गीते** की कहानी संघर्ष, दृढ़ता और जुनून का अनोखा मिश्रण है। होटल मैनेजमेंट में डिग्री और स्विट्ज़रलैंड से फाइनेंस में एमबीए करने के बाद, जहां उन्होंने **बैकं ऑफ महाराष्ट्र** से लिए गए लोन को पढ़ाई के दौरान ही चुका दिया, प्रविण भारत लौटे एक नए विजन के साथ—नौकरी की तलाश नहीं, बल्कि **दूसरों के लिए अवसर** बनाने के लिए।

Mr.Pravin Ramrao
Gite. Director

### पोल्ट्री फार्मिंग से शुरू हुआ सफर, लेकिन थी कुछ अलग करने की चाह

प्रविण ने शुरुआत पोल्ट्री फार्मिंग से की, जो सफल रही, लेकिन उन्हें कुछ ऐसा करना था जो **उनके उत्पादों को एक ब्रांड पहचान** दे सके। होटल मैनेजमेंट की शिक्षा को आधार बनाकर उन्होंने स्नैक मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में कदम रखा—एक ऐसा क्षेत्र जो भारतीय स्वाद और विविधता से भरपूर है।

उन्होंने बाजार का गहन रिसर्च किया, सेमिनार में हिस्सा लिया और एक ऐसा प्रोडक्ट लाइन तैयार की जो **स्वच्छता, गुणवत्ता और स्वाद** में उत्कृष्ट हो।

### ? ब्रांड की बजाय ट्रेडिंग की सलाह, लेकिन उन्होंने चुना अपना रास्ता

जब बहुतों ने उन्हें ट्रेडिंग करने की सलाह दी, प्रविण ने ठान लिया कि वो **अपना ब्रांड बनाएंगे**। उन्हें पता था कि ये रास्ता लंबा और कठिन होगा, लेकिन आत्मसंतुष्टि कहीं अधिक होगी।

### ? फाइनेंसिंग की चुनौती और पारिवारिक सहयोग

किसी भी बैंक से फंडिंग नहीं मिलने के बाद, **उनके पिता और बड़े भाई** ने साथ दिया। **डिपाली चांडक मैडम** के मार्गदर्शन से उन्हें **PMFME योजना** के तहत मशीनरी के लिए लोन मिला, लेकिन ज़मीन, कंस्ट्रक्शन और ऑपरेशन के लिए उनके पिता ने **पारिवारिक फ्लैट बेचकर सहयोग** किया।

### ? सोशल मीडिया बना गेमचेजंर

शुरुआत में तीन महीने तक स्टॉक नहीं बिका, लेकिन प्रविण ने हार नहीं मानी। उन्होंने **सोशल मीडिया मार्केटिंग** का सहारा लिया, और उसका असर शानदार रहा। **डिस्ट्रिब्यूटर खुद संपर्क करने लगे**, और अब Snackholic के प्रोडक्ट्स की डिमांड लगातार बढ़ रही है।

### ? एक वादा, एक मिशन : स्वाद, गुणवत्ता और सामुदायिक सेवा

प्रविण गीते का उद्देश्य है – अपने ग्राहकों को **साफ-सुथरे, स्वादिष्ट और किफायती स्नैक्स** उपलब्ध कराना, और साथ ही अपने समुदाय को **रोजगार और प्रेरणा** देना। उनका सफर अभी शुरू हुआ है, लेकिन **विज़न और प्रतिबद्धता** उन्हें दूर तक ले जाएगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.